सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 27 जून, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में उत्तराखण्ड के सबसे ऊंचे शिखर कामेट पर्वत पर पर्वतारोहण कर लौटी ''हर शिखर तिरंगा'' अभियान की टीम से भेंट की। कर्नल आर एस जमवाल के नेतृत्व में मिले 7 सदस्यीय पर्वतारोहण टीम ने राज्यपाल को बताया कि रक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत ''हर शिखर तिरंगा'' की टीम देश के प्रत्येक राज्य की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करके तिरंगा फहराने का कार्य कर रही है। कर्नल जमवाल ने बताया कि उत्तराखंड के कामेट पर्वत में आरोहण का, इस अभियान के अंतर्गत उनकी टीम को यह उपलब्धि प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि यह अभियान अरुणाचल प्रदेश से शुरू हुआ, और अगला पड़ाव लद्दाख में है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत रोमांचकारी सफर है। इस अभियान के पीछे की सोच अपनत्व का भाव जागृत करती है। प्रत्येक राज्य के सबसे ऊंची चोटी पर पर्वतारोहण करना और अभियान को तिरंगा फहरा कर समाप्त करना वास्तव में देशभक्ति प्रदर्शित करने का अनूठा प्रयास है। इस दौरान राज्यपाल ने टीम के प्रत्येक सदस्य से परिचय प्राप्त किया और कहा कि अपनी सैन्य सेवाओं के दौरान उन्होंने भी विभिन्न प्रकार के अभियानों में प्रतिभाग किया था और इन अभियानों में रोमांच के साथ–साथ देशभक्ति की भावना प्रचारित होती है। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं और यदि आपको किसी भी प्रकार कि सहायता की जरूरत हो, तो हर सम्भव सहायता की जाएगी।

..........0..........